हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री



12 पखांजूर में बस्तर ओलंपिक 2025 का ...


12 सुरूंगदोह में नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए जारी ...


## खबर संक्षेप



### ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त ड्राइवर बाल बाल बचा

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग पर भैसाकन्हार से आगे मोड़ के पास एक भारी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक रायपुर से सम्बलपुर ईट लेकर जा रहा था। हादसे में चालक सुरक्षित बच गया, हालांकि वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों की मदद से ड्राइवर को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि सड़क के मोड़ पर नियंत्रण खोने से यह दुर्घटना हुई। समाचार लिखे जाने तक मामला थाने तक नहीं पहुँचा है।

### युवक ने लगाई फांसी हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत कोटलभट्ठी निवासी 34 वर्षीय दशवन नेताम ने 29 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोटलभट्ठी निवासी 26 वर्षीय बृजलाल नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने खेत की ओर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### विहिप का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ



**कांकेर।** विश्व हिन्दू परिषद् का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 28 और 29 अक्टूबर को कांकेर के नए कम्युनिटी हॉल में आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय और मुख्य अतिथि अल्फनरायण तिवारी महाराज उपस्थित रहे। इसके अलावा अन्य सत्रों में भी कई प्रमुख वक्ता सोनसाय साहू, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश चंद्रोल, यशपाल साहू, भावेश आरदे और अरुण कौशिक शामिल हैं।

### पीएम आवास के लाभार्थियों का सामूहिक गृह प्रवेश 1 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 1 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नरहरपुर के लाभार्थियों को सामूहिक गृह-प्रवेश समारोह में प्रतीकात्मक रूप से शामिल होंगे। जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेनूराम सुकदेव ने बताया कि नरहरपुर विकासखंड में भी इसी दिन 1,408 लाभार्थियों के लिए सामूहिक गृह-प्रवेश समारोह आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर सभी नवनिर्मित घरों को रंगोली और दीपों से सजाया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनेगा।

### रेलवे स्टेशन में पार्किंग व्यवस्था 1 से शुरू होगी

**भानुप्रतापपुर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन परिसर में 1 नवम्बर से पार्किंग व्यवस्था शुरू की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत स्टेशन आने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए निर्धारित स्थल पर सुव्यवस्थित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे न केवल वाहनों की अव्यवस्था पर रोक लगेगी, बल्कि चोरी और अन्य सुरक्षा संबंधी समस्याओं की संभावना भी समाप्त होगी। नई पार्किंग व्यवस्था का लाभ रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों के साथ-साथ उन्हें छोड़ने और लेने आने वाले लोगों को भी मिलेगा।

### सरदार पटेल जयंती पर आज रन फॉर यूनिटी

**कांकेर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री लौह पुरूष स्व सरदार पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन ▶▶ शेष पेज 10 पर

## निर्वाचन प्रक्रिया : चार नवंबर से चार दिसंबर के बीच घर जाएंगे बीएलओ

# हर घर में तीन बार दस्तक देंगे बीएलओ पुराने एसआईआर का देना होगा डाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा के बाद अब जिले में भी एसआईआर की तैयारियां तेज कर दी गई है। इस प्रक्रिया के दौरान सभी मतदाताओं की दोबारा जांच होगी। हालांकि जिन मतदाताओं का एसआईआर 2002-2003 में हो चुका है, उन्हें अपना पुराना डाटा उपलब्ध कराना होगा, वहीं बीएलओं को उनके क्षेत्र के हर घर में कम से कम तीन बार दस्तक देने के निर्देश दिए गए हैं। महीनेभर तक आवेदन और जांच की प्रक्रिया के बाद 9 दिसंबर को प्रारंभिक और अगले साल 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजनैतक पार्टी के सदस्यों को जानकारी दिया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के तहत की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अवसर प्रदान करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं अद्यतन बनाना है। जिलेभर में बूथ लेवल ऑफिसर यानि बीएलओ मतदाता सूची के एक विशेष पुनरीक्षण अभियान के हिस्से के रूप में घर-घर तीन बार जाएंगे और उन्हें पिछले संक्षिप्त पुनरीक्षण का डेटा भी प्रदान करना होगा। इस अभियान का उद्देश्य नए योग्य मतदाताओं को शामिल करना, मृत या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं को हटाना और मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करना है। इस अभियान में ऑनलाइन आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी और बीएलओ को गरुड़ ऐप का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

### खास बातें

- भारत निर्वाचन आयोग ने जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को बैठक में एसआईआर की जानकारी दी



### ऐसी है प्रक्रिया

कलेक्टर ने बताया कि जारी कार्यक्रम के तहत 3 नवम्बर तक प्रशिक्षण कार्य, 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएल ओ घर-घर दस्तक देंगे। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक दावा-आपत्ति ली जाएगी और 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक सुनवाई कर निराकरण होगा। इसके उपरांत 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। कलेक्टर ने इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि पुनरीक्षण के दौरान वे अपने बूथ स्तरीय एजेंटों के माध्यम से निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों को पूरा सहयोग करें, ताकि छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़े जा सके और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जा सके।

### माता-पिता से मिलाएंगे नाम

मतदाता सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके माता-पिता में किसी का भी नाम 2003 की सूची में शामिल है, उनको सूची भी तैयार कर ली गई है। ऐसे मतदाताओं के साथ कोई दिक्कत नहीं है, उनका सत्यापन बीएलओ सूची तैयार करने के बाद घर-घर जाकर करेंगे। ऐसे मतदाता जो 2003 के बाद जुड़े है और उनके माता-पिता में किसी का नाम पुरानी सूची में नहीं है, उन्हें अपने यहां का निवासी होने और पहचान स्थापित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा।

### फार्म के जरिये देनी होगी डिटेल

एसआईआर प्रकिया के तहत निर्वाचन आयोग ने एक फार्म युनिक एन्यूमरेशन फार्म जारी किया है। बीएलओ के माध्यम से सभी एसआईआर प्रक्रिया के तहत निर्वाचन आयोग ने एक फार्म यूनिक मतदाताओं से यह फार्म भराया जाएगा। इस फार्म में मतदाता से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी ली जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मतदाता को पिछले एसआईआर के रिकार्ड के तहत अपनी या फिर माता-पिता की जानकारी देनी होगी। ज्ञात हो बीएलओ को फार्म भरने में पूरी तरह से मदद करने के निर्देश दिए गए है।

### करिहा के वित्तीय साक्षरता शिविर में ग्रामीणों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



**चारामा।** ग्राम पंचायत करिहा में एक दिवसीय वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस शिविर में लोगों ने अपनी वित्तीय समस्याओं को साझा किया, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक रिन्नी अजीत ने ग्रामीणों को वित्तीय जोखिम, बचत और सुरक्षित बैंकिंग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। बैंक केवल पैसे रखने की जगह नहीं, बल्कि यह हमारी आर्थिक सुरक्षा का मजबूत साधन है, इसलिए हर व्यक्ति को बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ना चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय प्रसाद ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब हर नागरिक वित्तीय रूप से सशक्त बने। बैंक सबके लिए हैं, बस सही जानकारी और जागरूकता जरूरी है। एसबीआई के एलडीएम गौरीशंकर राणा ने कहा कि वित्तीय साक्षरता आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। हर व्यक्ति को अपने पैसों का सही उपयोग और सुरक्षा सीखनी चाहिए। शिविर में ग्रामीणों ने नए खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजना और पेंशन योजना जैसी कई सरकारी ▶▶ शेष पेज 10 पर

## वन अधिकार पट्टाधारी किसानों को धान पंजीयन में हो रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- ऊँचपानी व बयानार ग्राम के किसानों ने एसडीएम से लगाई गुहार



तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम ऊँचपानी और बयानार के वन अधिकार पट्टाधारी किसान इन दिनों धान पंजीयन को लेकर परेशान हैं। किसानों ने बताया कि उनके नाम से धान विक्रय के लिए पंजीयन नहीं किया जा रहा है, जिससे वे अपनी उपज का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं।

किसानों का कहना है कि जब वे बैजनपुरी लेम्पस में पंजीयन के लिए जाते हैं, तो उन्हें तहसील कार्यालय भेज दिया जाता है और जब तहसील कार्यालय जाते हैं तो पुनः लेम्पस भेज दिया जाता है। इस तरह वे कई दिनों से दोनों दफ्तरों के चक्कर लगाते हुए परेशान हो चुके हैं। धान पंजीयन न होने के कारण किसान अपनी उपज बेच नहीं पा रहे हैं और लेम्पस का कर्ज अदा करने में असमर्थ हैं। इस स्थिति से ग्रामीणों में नाराजगी और चिंता दोनों देखी जा रही है। किसानों ने इस समस्या के समाधान के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि ग्राम ऊँचपानी एवं ग्राम बयानार के सभी वन ▶▶ शेष पेज 10 पर

## ढोरकट्टा प्राशा के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़, खुले मैदान में होती है पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर



कोयलीबेड़ा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढोरकट्टा का भवन पूरी तरह से जर्जर हो जाने के चलते विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को खुले आसमान में पढ़ने को मजबूर है और बारिश हो जाने पर कक्षाएं नहीं लग पाती है। विभाग प्रमुखों को कई बार अवगत कराए जाने के बाद भी विभाग संज्ञान में नहीं ले पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय ढोरकट्टा का भवन इतना दयनीय हो चुका है कि यह कभी भी गिर सकता है। छत की दीवारें और फर्श पूरी तरह टूट चुके हैं। भवन की यह खस्ताहालत बच्चों को कक्षा के अंदर बैठने की इजाजत नहीं देती, जिसके कारण उन्हें हर दिन बाहर खुले आसमान के नीचे बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती है। धूप हो, बारिश हो या कड़ाके की ठंड, इन मासूमों को मजबूरी में प्रकृति की मार झेलते हुए ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। स्कूल में खाना बनाने के लिए भी कोई सुरक्षित स्थान नहीं है। सबसे चिंतनीय विषय यह है कि यहाँ शौचालय तक की सुविधा नहीं है, जिसके कारण बच्चों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। स्वच्छ भारत मिशन जैसी सरकारी योजनाओं का ज़मीनी क्रियान्वयन यहाँ शून्य दिखाई देता है। ढोरकट्टा प्राथमिक विद्यालय की यह स्थिति स्पष्ट करती है कि यहाँ बच्चों के मौलिक अधिकारों का घोर हनन हो रहा है। बच्चों के खुले में पढ़ने की मजबूरी ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सिंध समाज ने छग क्रांति सेना पर कार्रवाई की माँग की, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- नारेबाजी करते हुए डीएसपी एवं थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन





सार्वजनिक मंच पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की माँग को लेकर कांकेर में सिंध समाज ने सिंध धर्मशाला से रैली निकालते हुए नारेबाजी किया और क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष पर अमित बघेल कड़ी से कड़ी सजा देने की माँग किया।

सिंध समाज के अध्यक्ष राकेश आहूजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज व उनके इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल के संबंध में अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किया है, उसके विरोध में कांकेर के सिंध समाज ने डीएसपी एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मांग किया है कि ऐसे बयान देने वाले व्यक्ति पर सख्त कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर रोक लगे। समाज की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सार्वजनिक मंच से सिंधी समाज को पाकिस्तानी कहकर संबोधित करने और हमारे आराध्य भगवान श्रीझूलेलाल पर असम्मानजनक टिप्पणियां समाज की धार्मिक भावनाओं को गहराई से आहत करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान प्रदेश की सामाजिक, धार्मिक एकता और शांति के ▶▶ शेष पेज 10 पर

## फसल बीमा का लाभ किसानों को शीघ्र दें



**अंतागढ़।** नगर पंचायत अंतागढ़ के पार्षद राकेश गुप्ता ने कहा कि अंतागढ़ ब्लॉक क्षेत्र में लगातार बेमौसम बारिश से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है, जिससे किसानों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। धान का फसल बहुत खराब हो रहे हैं। सरकार को धान व अन्य फसलों का सर्वे कर किसानों को फसल क्षतिपूर्ति राशि व फसल बीमा देना चाहिए। बेमौसम अति बारीश ने मेहनत पर पानी फेर दिया जिससे मेहनतकश किसानों कि मांथे पर चिंता की लकिर छा गई है। सरकार से मांग करते है कि किसानों को फसल क्षतिपूर्ति राशि व फसल बीमा राशि का लाभ दिलाकर किसानों कि मांथे की चिंता को दुर करें।

## ग्रामीण से चार लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** कोरर पुलिस ने 30 अक्टूबर को दोपहर पौने 2 बजें छापामार कार्यवाही करने के लिए गांधी चौक सेलेगांव पहुची। पुलिस को आता देख आरोपी सेलेगांव निवासी 45 वर्षीय सोपसिंह सलाम पिता कुवर सिंह सलाम छिपने लगा। आरोपी की तालाशी लेने पर पास में रखे मटमैला रंग का 5 लीटर वाला प्लास्टिक जरकिन में भरा 4 लीटर देशी महुआ शराब व एक नग स्टील गिलास शराब गंध युक्त मिला नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## बासनवाही में स्वास्थ्य सुविधाओं है कंडम, 108 एम्बुलेंस की मांग की



**बासनवाही।** विकासखण्ड नरहरपुर के आदिवासी बहुल क्षेत्र बासनवाही और आसपास की आठ पंचायतों में लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पूरे क्षेत्र में केवल एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी बासनवाही में संचालित है, जो ब्लॉक मुख्यालय नरहरपुर से लगभग 40 किमी. एवं जिला मुख्यालय कांकेर से भी उतनी ही दूरी पर स्थित है। दुधावा क्षेत्र में एकमात्र महतारी एक्सप्रेस की उपलब्धता होने के बावजूद लंबा एरिया, घनी आबादी और कच्ची, उबड़-खाबड़ सड़कों के कारण मरीजों को अस्पताल तक पहुँचने में भारी परेशानी होती है। गंभीर मरीजों को जब इलाज के लिए रेफर किया जाता है, तब 108 एम्बुलेंस सेवा की अनुपलब्धता ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन जाती है। कई बार एम्बुलेंस देर से पहुँचती है या रास्ते की दुर्गमता के कारण मरीजों की हालत और बिगड़ जाती है। स्थानीय ग्रामीण सुकचंद ध्रुव, दिलीप पटेल, पुनितदास वैष्णव, सगरदास वैष्णव, संदीप द्विवेदी एवं लोकनाथ साहू ने हरिभूमि के माध्यम से प्रशासन से मांग किया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासनवाही में 108 एम्बुलेंस को स्थायी रूप से तैनात किया जाए। उनका कहना है कि इससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और कई लोगों की जानें बचाई जा सकेंगी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और दूरस्थता को देखते हुए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की स्थायी व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही इस मांग पर सकारात्मक पहल करेगा।

## विधायक विक्रम उसेंडी ने सड़क निर्माण के लिया किया भूमिपूजन

# पखांजूर इलाके में तीन सड़कों के निर्माण से लाखों लोगों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर



पखांजुर क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने भूमिपूजन किया। इन सड़कों के बनने से नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लाखों लोगों को राहत मिलना तय है। ग्रामीणों की यह माँग लंबे समय से किया जा रहा था।।

जानकारी के अनुसार तीन सड़कों में से दो सड़कें नगर से सटे ग्रामीण अंचलों को जोड़ेंगी, जिससे आवागमन सुगम होगा। तीसरी सड़क ग्राम बेलगाल से ग्राम पीवी 87 तक बनाई जाएगी। भूमिपूजन के दौरान विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद विकास कार्यों ने गति पकड़ी है और जनता की वर्षों पुरानी मांगें अब पूरी हो रही हैं। इन सड़कों के निर्माण से न केवल नगरवासियों को बल्कि आसपास के गांवों के लाखों ग्रामीणों को भी सुविधा मिलेगी। विधायक के द्वारा किए गए भूमिपूजन में पहली सड़क ग्राम पीव्ही 55 से ग्राम पीव्ही 11 तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी पुल पुलिया सहित सड़क लागत 372.84 लाख रुपएं आएगी। आवासपारा वेयर हाउस से ग्राम पीव्ही 24 तक 3.8 किलोमीटर पुल पुलिया सहित लंबी सड़क लागत 410.99 लाख रुपएं आएगी और तीसरी सड़क ग्राम बेलगाल से पीव्ही 87 तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क पुल पुलिया का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, जिला पंचायत सदस्य दिपांकर राय, सुनिता मंडल, जनपद अध्यक्ष श्यामबती मंड़ावी, जनपद उपाध्यक्ष मंजू सरदार, पार्षद मोनिका साहा, पार्षद कमलेश पटेल, मनोज हालदार, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विजय कुमार बांगर, उपयंत्री अमित भारद्वाज, देवनारायण सोनी, सीएमओ सुनील कुमार जैन, उप यंत्री अभिषेक दत्ता, कापसी मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष कापसी दीपंकर दत्ता,स्वपन तरफदार, सुबीर सरकार,मंडल महामंत्री शिवानंद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### फरसगांव -पासंगी मार्ग पर पुल का निर्माण कार्य शुरू



**कोण्डागांव।** फरसगांव से पासंगी मार्ग पर नए पुल निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। निर्माण कार्य के चलते प्रशासन ने इस मार्ग पर चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। जिला प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की है। पासंगी और रांधना जाने वाले वाहन चालकों को चिचाड़ी या बोरगांव मार्ग से आवागमन करने की सलाह दी गई है। एसडीएम फरसगांव अश्वन पुसाम ने बताया कि पुल निर्माण कार्य के दौरान आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और प्रशासन को कार्य में सहयोग प्रदान करें। प्रशासन ने बताया कि पुल निर्माण कार्य पूरा होते ही मार्ग पर यातायात सुचारू रूप से बहाल कर दिया जाएगा। यह पुल क्षेत्र की सुविधाजनक और सुरक्षित आवाजाही को सुनिश्चित करेगा।

### आज प्रातः 7:30 बजे होगा एकता दौड़ का आयोजन

**कोण्डागांव।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को देशभर में एकता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोंडागांव जिला मुख्यालय में भी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए भव्य एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ प्रातः 7:30 बजे विकासनगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर जिला कोर्ट परिसर, नेशनल हाइवे, जयस्तंभ चौक, बाजार पारा होते हुए पुनः विकासनगर स्टेडियम में संपन्न होगी। इस दौरान देशभक्ति गीतों और नारों के साथ एकता का वातावरण निर्मित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए यह दौड़ युवाओं को राष्ट्र निर्माण और एकजुटता के प्रति प्रेरित करेगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी अधिकारी–कर्मचारियों, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थियों तथा गणमान्य नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस एकता दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### रजत जयंती वर्षः उद्यमिता जागरुकता शिविर आज से

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025–26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर राज्य के औद्योगिक विकास की उपलब्धियों से आम जन को अवगत कराने तथा युवाओं, महिलाओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उद्यमिता जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा यह शिविर 31 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत 31 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, कोंडागांव में, 3 नवम्बर को जनपद पंचायत सभा कक्ष, केशकाल में तथा 7 नवम्बर को जनपद पंचायत सभा कक्ष, फरसगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### बाढ़ और अतिवृष्टि से बचाव के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कोण्डागांव।** जिले में बाढ़ और अतिवृष्टि से बचाव एवं राहत कार्यों की निगरानी के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष को जिला कार्यालय, कोंडागांव के कक्ष क्रमांक 38 में स्थापित किया गया है। यह कक्ष लगातार 24 घंटे सक्रिय रहेगा, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में नागरिक तत्काल सूचना देकर सहायता प्राप्त कर सकें। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के निर्देशानुसार स्थापित नियंत्रण कक्ष में बाढ़, अतिवृष्टि, जलभराव या किसी भी आपात स्थिति में दूरभाष क्रमांक पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है।

# कबड्डी में लिगेश्वरी क्लब और वॉलीबॉल में नारायणपुर विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के कान्हारगांव में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी में 36 टीमों ने भाग लिया, जिसमें लिगेश्वरी क्लब झाटीटबन आलोर ने 12 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार और कोरगांव विश्रामपुरी ने 6 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार जीता। महिला वर्ग कबड्डी में 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें मांझीआठगांव ने 3 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार और गलपारा गवाड़ी ने 1,700 रुपये का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 14 टीमों ने भाग लिया। नारायणपुर ने 8 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि थाना उरंदाबेड़ा ने 5 हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

## एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी व बॉलीबाल स्पर्धा

### हार जीत जीवन का हिस्सा मेहनत करते रहनाः नाग

एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि जयलाल नाग ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत का ताज एक ही को मिलता है, लेकिन हार-जीत जीवन का हिस्सा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मेहनत जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कामयाबी एक दिन जरूर मिलेगी। कबड्डी हमारा पारंपरिक खेल है और इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने खेल के प्रति समर्पित रहें और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करें।



### ये रहे मौजूद

*अध्यक्षता दिनेश नेताम सरपंच ग्राम पंचायत कान्हार गाँव ने किया, विशेष अतिथि निर्मल नाग जपं सदस्य फरसगांव, उपसरपंच तुलसीराम नाग, पनाऊ राम नाग, ग्राम पटेल निरगुराम नाग, कांतिलाल शार्दूल, प्रताप मरापी, गुमनसिंह नाग, नाथू राम सेठीया, रानुराम देवांगन, मँगाऊराम सरपंच उरंदाबेड़ा, देवसिंह गोटा सरपंच मोदे, ललित शोरी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कोनगुड़, बुधसन मरापी, रंगनाथ देवागन, श्यामलाल नाग, विजय नेताम, मगिय राम मंडावी, जयलाल मरापी समेत समस्त आयोजन कर्ता व ग्रामवासियो की उपस्थिति रही।*

## आयोजन: डड़सेना कलार समाज ने मनाई संभाग स्तरीय सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

# सभी लोग एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाएंः स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के अवसर पर आज डड़सेना कलार समाज का नगर में संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान कलार समाज ने बस्तर के पारंपरिक मांदरी नृत्य के साथ स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया। जहां सर्वप्रथम मंत्री जायसवाल ने कलार समाज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। ततपश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंच कर समाज के लोगों से मुखातिब होकर समाज हित के लिए कई घोषणाएं भी की। इस दौरान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, नपंच अध्यक्ष प्रशांत पात्र, समाज के अध्यक्ष पुरषोत्तम गजेंद्र समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी व हजारों की संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान समाज को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की तारीफ करते हुए सभी लोगों को एजकुट होकर समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कलार समाज के लिए विभिन्न गांव में सामाजिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की घोषणा भी की है।

- कार्यक्रम में युवाओं को शिक्षा रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति करते हैं प्रेरित

### भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रेरणा

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन को कलार समाज अपने आराध्य देव के रूप में पूजता है वे शक्ति, साहस और न्याय के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी जयंती पर समाज के लोग पूजा-अर्चना, भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक भोजन जैसे आयोजन करते हैं। फरसगांव में भी इसी परंपरा का पालन किया गया।



### समाज में बढ़ेगा आत्मबल और संगठन



समाज के युवाओं ने बताया कि यह आयोजन एक अवसर है जब सभी एक मंच पर आकर समाज की एकजुटता और संगठन शक्ति को प्रदर्शित करता हैं नई पीढ़ी के लिए यह कार्यक्रम प्रेरणा का स्रोत बना। कार्यक्रम में समाज की उपलब्धियों का सम्मान भी किया गया और युवाओं को समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### ग्रामीणों इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि शहरी के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। वर्तमान में प्रत्येक सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जहां कहीं किसी कारणवश डॉक्टर नहीं हैं, वहां भी जल्द ही डॉक्टरों की पोस्टिंग की जाएगी।

### कार्यक्रम सामाजिक एकता और प्रगति का प्रतीक

डड़सेना कलार समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह जयंती सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के भीतर एकता, शिक्षा और सामाजिक विकास का संदेश देने का अवसर भी है। हर साल समाज के लोग इस दिन एकत्र होकर अपने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करते हैं। इस बार नया भवन समाज का लोकार्पण एक स्थायी पहचान बना. जहां सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# यादव समाज ने धूमधाम से मनाया गोपाष्टमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर में यादव समाज द्वारा हर वर्ष बड़े ही धूमधाम से गोवर्धन पूजा की जाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 29 अक्टूबर को बड़े धूमधाम से गोवर्धन पूजा की गई। समाज की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता, अखण्डता समरसता को सहजते हुए हर्षोल्लास के साथ नगर में स्थित तालाब किनारे गोवर्धन पूजा स्थल पर पूजन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम राउत नाचा की अपनी पारम्परिक वेशभूषा के साथ कला का प्रदर्शन करते हुए राधा कृष्ण की झाँकी के साथ छोटे छोटे बच्चों को भगवान श्री कृष्ण एवं बलराम की आकर्षक वेशभूषा में सजाया गया। समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गाजे बाजे के साथ नृत्य करते हुए कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भ्रमण के दौरान जगह जगह नागरिकों द्वारा इनकी पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पूजा स्थल पर भगवान श्री कृष्ण का पारंपरिक रूप से हवन पूजन कर पूजा अर्चना की गई। विधि विधान पूर्वक गौमाता को खिचड़ी सेवन, दहीलूट सहित अन्य विभिन्न रस्म को पूर्ण किया गया। तत्पश्चात समाज के लोगों द्वारा भंडारे का भव्य आयोजन किया गया । साथ ही रात में बच्चो के लिए रिकॉर्डिंग डान्स प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ । इस दौरान कार्यक्रम में यादव समाज के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , पदाधिकारी सहित भारी संख्या मे समाज के लोग सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवाओं व नव उद्यमियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में रैम्प योजना के तहत युवाओं और नव उद्यमियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार कांकेर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र डीआईसी के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और उन्हें एमएसएमई योजनाओं से जोड़ना था, ताकि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके। कार्यशाला के दौरान उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं जैसे- उद्यमिता, एमएसएमई, सरकारी योजनाओं की जानकारी, ई-मार्केट की भूमिका, योजनाओं का लाभ तथा 90 दिनों की उद्यमी कार्ययोजना इत्यादि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा प्रश्नोत्तर सत्र एवं फीडबैक सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर भी मिला। ट्रेनर उद्यमी डॉ. मनोज नाग एवं उद्यमी सुस्मिता ने युवाओं को उद्यमिता से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की और सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने उद्यमिता को एक सशक्त कैरियर विकल्प के रूप में स्वीकार किया तथा कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय कांकेर के प्राचार्य, कंसल्टेंसी सर्विस से पलाश पांडे एवं राकेश तिवारी उपस्थित रहे।

# 6 परिवार के लिए 24 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कुंआ में डूबने, सर्प काटने, तालाब एवं गड्ढा में डूबने से मृत्यु होने के 06 प्रकरण में मृतकां के आश्रितों को चार-चार लाख रूपए के मान से 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है।

अंतागढ़ तहसील के ग्राम अमोड़ी निवासी 30 वर्षीय दिनेश पोटाई की कुंआं में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित सुगन्तीन के लिए चार लाख रूपए स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार आमाबेड़ा तहसील के ग्राम आलानार की 18 वर्षीय हीरसिंग की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम गुडउराम कोमरा के लिए चार लाख रूपए, दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम उड़काटोला के 46 वर्षीय शामसिंह शोरी की सर्प काटने से मृत्यु होने से उनकी पत्नी कारोबाई को चार लाख रूपए, पखांजूर तहसील के ग्राम पिनकोड़ो निवासी 74 वर्षीय फगनी बाई कड़ियाम की डबरी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित शिवा कड़ियाम के लिए चार लाख रूपए, दुर्गुकोंदल के 05 वर्षीय जैनसिंग कोर्राम की कुंआनुमा गड्ढे में गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता जागेश्वरी एवं किशोर कोर्राम को चार लाख रूपए तथा आमाबेड़ा तहसील के ग्राम कोहबेड़ा निवासी 50 वर्षीय कज्जे बाई वड्डे की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित संतुराम वड्डे के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डीबीटी के द्वारा संबंधित तहसीलदारों के माध्यम से किया जाएगा।

### पागल कुत्ते का आतंक, अब तक 5-6 को काटा

**भानुप्रतापपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 में एक पागल कुत्ते ने आतंक मचा रखा है। बताया जा रहा है कि इस कुत्ते ने अब तक 5 से 6 लोगों को काट लिया है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन एवं पशु चिकित्सा विभाग से जल्द से जल्द इस कुत्ते को पकड़ने की अपील की है। वार्डवासियों का कहना है कि कुत्ता वार्ड में लगातार घूम रहा है और राहगीरों पर हमला कर रहा है। प्रशासन से निवेदन किया गया है कि तत्काल कार्रवाई कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# एका मरम पर शहीद परिवार के बच्चों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर के एक दिन पूर्व संध्या पर एका मरम यानी एकता वृक्षारोपण

- राष्ट्रीय एकता दिवस 2025 मनाया




कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में किया गया, जिसमें शहीद परिवार के बच्चों ने बरगद पौधों का रोपण किया गया।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त निर्देशों के तहत राष्ट्रीय एकता दिवस के एक दिन पूर्व 30 अक्टूबर की संध्या को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में एका मरम यानी एकता वृक्षरोपण कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कयिा गया। शहीदों की स्मृति में व शौर्य की मिट्टी में यह एकता वृक्ष रोपण कार्यक्रम एका मरम कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलिसेला की उपस्थिति में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं शहीद परिवार सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल आप्स) गिरजा शंकर साव, उप पुलिस अधीक्षक विंकेश्वरी पिंदे, रक्षित निरिक्षक गोविंद वर्मा, एसआई संतोष श्रीवास, एएसआई दीप लता कुलदीप, एएसआई चिंतेश्वरी सलाम, एएसआई लीना सिन्हा, प्रधान आरक्षक ललिता कैमरो समेत शहीद परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

एका मरम कार्यक्रम के तहत एकता वृक्ष रोपण करके राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखने में सरदार श्री वल्लभभाई पटेल के अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया।

## पेज 09 के शेष...

### करिहा के वित्तीय...

योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस तरह के शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की, इस कार्यक्रम में बैंक के अधिकारी ग्राम के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### वन अधिकार पट्टाधारी...

अधिकार पट्टाधारी किसानों का धान विक्रय के लिए पंजीयन शीघ्र कराया जाए, ताकि वे अपनी उपज बेचकर कर्ज चुका सकें। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### ढोरकट्टा प्राशा के...

और मूलभूत सुविधाओं का अभाव, विभाग की बड़ी लापरवाही को उजागर करता है। खंड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा देव कुमार शील से बात करने पर उन्होंने बताया कि ढोरकट्टा प्राथमिक विद्यालय भवन को डिस्मेंटल करने का आदेश प्राप्त हो चुका है, बहुत ही जल्द नए भवन स्वीकृत हो जाएगा।

### सिंध समाज ने...

लिए गंभीर खतरा हैं। सिंधी समाज ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि जल्द से जल्द इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। समाज का कहना है कि शांति, भाईचारा और राष्ट्रप्रेम में विश्वास रखने वाला सिंधी समाज अपने धर्म और आराध्य देवता के प्रति अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा। इस अवसर पर सिंध समाज के संरक्षक, सिंध समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग भी उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल जयंती...

31 अक्टूबर को किया जा रहा है । यह दौड़ सुबह साढ़े 7 बजें नरहरदेव स्कूल मैदान से शुरू होकर नया बस स्टैंड स्थित डोम पर खत्म होगी।

# कुपोषण दूर करने के लिए सामुदायिक सहभागिता बहुत ही जरूरीः नुपूर राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत "सुपोषित जीवन अभियान" संबंधी जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सभी सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीडीपीओ एवं फील्ड विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने निर्देश दिए कि प्रत्येक कुपोषित बच्चे के लिए एक पोषण साथी नियुक्त किया जाए। वह बच्चे के स्वास्थ्य की निगरानी कर निर्धारित आहार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सामुदायिक सहभागिता बेहद जरूरी है, ताकि कुपोषण को जड़ से समाप्त किया जा सके। कलेक्टर ने सभी सुपरवाइजर को अपने–अपने क्षेत्रें की आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने और पोषण व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने अभिभावकों को बच्चों की देखभाल के लिए प्रेरित करने और पंचायतों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के जिला लीड प्रदीप राव ने सुपोषित जीवन अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं समुदाय स्तर पर चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों का निर्माण और पोषण व्यवहार में सुधार लाना है।

### मशाल रैली और गोद लेने की प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी सप्ताह में मशाल रैली, गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पीएम मैपिंग, तथा गोद लेने की प्रक्रिया सभी ब्लॉकों में एक साथ प्रारंभ की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि सुपोषित जीवन अभियान को जन–आंदोलन के रूप में सफल बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी, सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस्तर ओलंपिक संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



तोकापाल ब्लाक के ग्राम पंचायत बड़े मोरठपाल में आज जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेलों का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल थे। जिन्होंने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ दीप प्रज्वलन कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, खिलाड़ी, ग्रामवासी और स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत तोकापाल ब्लॉक की 13 ग्राम पंचायतों के खिलाड़ी शामिल हुए। खेलों के प्रति ग्रामीण युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपने-अपने पंचायतों का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, ऊंची कूद सहित कई अन्य पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों की प्रतिस्पधाएं शुरू हुईं।

विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल का आयोजन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक है। यह आयोजन युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से नशामुक्त जीवन जीने और खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक बैदुराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद सदस्य शांति नाग, चंपा नाग, सुमित्रा कश्यप, पदमा मौर्य, सुकरी करटामी, कनेर कश्यप, विजय कश्यप, बसंती मौर्य, तीरण बघेल, सागरमनी गुप्ता, सामो बघेल, सोनसाय कश्यप, चन्द्रावली पुजारी, दूतिका सेठिया, बालो बघेल, मोहन, रूकधर, पाकलु एवं अन्य सरपंच, पंच, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, खेल शिक्षक अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। जिले में खरीदी कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने, बारदानों की व्यवस्था, धान के उठाव एवं निराकरण सहित संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा विभिन्न केंद्रों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसके तहत बीजापुर के लिए जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी, नैमेड़ के लिए एम.एस. कुसरे उप संचालक कृषि, गंगालूर के लिए उत्तम कुमार भारती सहायक खाद्य अधिकारी, तोयनार के लिए चिरंजीव कुमार खनिज अधिकारी तथा धनोरा के लिए योगेश कुमार साहू, कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### तोकापाल में कैरियर व स्टार्ट अप कार्यशाला



**तोकापाल।** शहीद हरचंद नाईक शा. महाविद्यालय तोकापाल में कैरियर एवं स्टार्ट अप छत्तीसगढ़ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर से डॉ.तुलिका शर्मा और डॉ. रश्मि देवांगन ने स्टार्ट अप के संदर्भ में वृहद रूप से जानकारी दिए तथा अपने नवाचार आइडिया 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के समस्त छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप पोर्टल में अपलोड करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्रदान किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टीआर रात्रे के द्वारा किया गया तथा उपस्थित लगभग 200 से 250 विद्यार्थियों को नवाचार आइडिया के साथ स्टार्टअप करने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने अपने कैरियर के लिये सुनहरा मौका दिलाने के लिये सरकार राज्यउत्सव में उनको मौका दिया जायेगा और उनके आडियज को दिखाया जायेगा।

### राज्योत्सव का होगा गरिमामय आयोजन

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान नियद नेल्लानार योजना के तहत नव स्थापित सुरक्षा कैम्पों के अंतर्गत आने वाले गांवों का सर्वेक्षण, सैचुरेशन शिविरों की प्रगति, तथा अधोसंरचना निर्माण से जुड़ी जानकारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग, सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित सभी प्रमुख विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### निधन

#### एचके सोना

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एचके सोना का आज आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज 11 बजे करकापाल स्थित क्रिस्चियन कब्रिस्तान में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग तथा कांग्रेसी मौजूद रहे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## ओलंपिक के आयोजन व खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं के दिए निर्देश

# बस्तर ओलंपिक पर मुख्य सचिव ने संभागायुक्त सहित सभी कलेक्टरों की ली वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रदेश के मुख्य सचिव विकासशील द्वारा गुरुवार को बस्तर ओलंपिक के परिप्रेक्ष्य में बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह सहित बस्तर सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव एवं कांकेर के जिला कलेक्टरों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए।

■ **जिला स्तरीय खेल 5 से 15 नवंबर के बीच होगा**



इस बैठक के एजेंडे में शासन द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार विकासखण्ड जिला एवं संभाग स्तरीय खेल आयोजन, विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्व, राज्य शासन द्वारा मार्गदर्शिका अनुसार खेल आयोजन हेतु शासन द्वारा प्राप्त निधियों सहित अन्य मसलें शामिल थे। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि निर्धारित समय सारणी अनुसार तीनों स्तरों के खेल का प्रारंभ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके अलावा सभी स्तरों के खेल आयोजनों में समुचित व्यवस्था एवं खिलाड़ियों हेतु बेहतर सुविधाओं को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। बैठक में कमिश्नर बस्तर ने अंतिम पंजीयन स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि सभी सात जिलों से कुल प्राप्त पंजीयन की संख्या 3 लाख 91 हजार 2 सौ 57 है जो कि एक रिकॉर्ड है, उन्होंने बताया कि बस्तर ओलंपिक के प्रारंभिक विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रारंभ हो चुके हैं। इसके अलावा जिला एवं संभाग स्तरीय खेल भी निर्धारित समयानुसार प्रारंभ होंगे इसके लिए संभाग के सभी जिलों में पूरी तैयारियां की जा चुकी है।

सनद रहे कि बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने सहित उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक की शुरुआत वर्ष 2024 से की गई है। गृह और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में वर्ष 2025 हेतु पंजीयन का शुभारंभ 22 सितंबर से किया गया है। इसके अन्तर्गत एथलेटिक्स तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी केवल जिला स्तर, रस्साकसी कंवल महिला सीनियर वर्ग), वेटलिफ्टिंग जिला स्तर पर, कराटे, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल खेल शामिल किए गए हैं। प्रतियोगिता हेतु आयु वर्ग जूनियर वर्ग 14-17 वर्ष, सीनियर वर्ग आयु वर्ग नहीं निर्धारित है।

आयोजन के स्तर विकासखंड, जिला एवं संभाग में होगा। इसके लिए तिथियों का निर्धारण पंजीयन हेतु 22 सितंबर में 20 अक्टूबर के मध्य किया गया। साथ ही बस्तर ओलंपिक का आयोजन के तहत विकासखण्ड स्तरीय 25 अक्टूबर से 5 नवंबरके मध्य होगें, जबकि जिला स्तरीय खेल 5 नवंबर से 15 नवंबर के बीच तथा संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 24 नवंबर से 30 नवंबर के मध्य आयोजित किया जायेगा।

# भेंडा भाजी फसल से किसानों को मिलेगा बेहतर मुनाफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर जिले में वर्ष 2025-26 से नई फसल भेंडा भाजी, खटा भाजी, जिरा भाजी" की खेती शुरू की जा रही है। यह वर्षा आधारित फसल है, जो कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली मानी जा रही है।



छोटे किसानों के लिए उपयुक्त इस फसल की विशेषता यह है कि इसकी उत्पादन लागत बहुत कम और बाजार मूल्य अपेक्षाकृत अधिक है। कृषि विभाग के अनुसार, वर्ष 2025-26 में बीज का मूल्य 2000 रुपए प्रति क्विंटल तथा भेड़ा टोपा सूखा उत्पाद का मूल्य 10,000 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

वहीं वर्ष 2026-27 में भेड़ा टोपा का दर बढ़कर 13,000 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक एकड़ भूमि से औसतन 3 से 4 क्विंटल सूखा भेड़ा टोपा प्राप्त होता है, जिससे किसानों को प्रति एकड़ लगभग 50,000 रुपए तक की आय हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, बस्तर की जलवायु और मिट्टी इस फसल के लिए बेहद उपयुक्त है।

इससे किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। स्थानीय किसान लल्लूराम बघेल ग्राम पंचायत घाटलोहंगा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2025 में 2 एकड़ भूमि में भेंडा भांजी की खेती शुरू की है। वे आयुर्वेदिक कंपनियों से जुड़े हुए हैं और उन्हें भेड़ा भाजी बीज व टोपा सप्लाई एजेंट भी बनाया गया है। लल्लूराम बघेल का कहना है कि यह फसल किसानों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी।

# अग्रवाल समाज मिला गृहमंत्री से, की अमित बघेल के गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





महाराजा अग्रसेन जी के विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में जगदलपुर में अग्रवाल समाज के सदस्यों ने भारी आक्रोश व्यक्त किया। बड़ी संख्या में समाज के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सदस्य अमित बघेल के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए नगर निरीक्षक, सिटी कोतवाली जगदलपुर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही नगर में मौजूद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा को भी सामूहिक निंदा पत्र सौंपते तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की।

■ **पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच सौंपा सामूहिक निंदा पत्र**

अग्रवाल समाज द्वारा सौंपे गए आवेदन के अनुसार, आरोपी अमित बघेल ने 26 अक्टूबर को एक मीडिया बयान में जानबूझकर उनके आराध्य देव महाराजा अग्रसेन जी के लिए अत्यंत अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया, जिससे अग्रवाल और व्यापक हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं। अग्रवाल समाज, जगदलपुर के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कृत्य सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने और प्रदेश में जातिगत एवं धार्मिक शत्रुता को बढ़ावा देने के दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाता है।

शिकायत के समर्थन में, समाज ने बयान के वायरल वीडियो मीडिया क्लिप को साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया है और प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो अग्रवाल समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। पुलिस प्रशासन ने एवं गृहमंत्री ने अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों से ज्ञापन स्वीकार कर लिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# युवाओं को मिलता हैं प्रतिभा दिखाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा मुख्यालय में एक दिवसीय जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में बुधवार को परंपरागत विधि-विधान से धरती माता की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद 100 मीटर दौड़ का फीता काटकर प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मैदान में खेल भावना और सांस्कृतिक एकता का अनोखा संगम देखने को मिला। ब्लॉक के 200 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अतिथि दरभा सरपंच श्यामबत्ती नाग, सीताराम नाग, जयदेव नाग, अर्जुन बघेल, एवं अन्य जनप्रतिनिधि थे। इस अवसर पर कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, दौड़ (100-200-400 मीटर), लंबी, ऊंची कूद, भाला व गोला फेंक, रस्साकशी, तीरंदाजी, फुगड़ी, गेंड़ी दौड़ जैसे पारंपरिक और एथलेटिक खेलों का आयोजन हुआ। अतिथियों ने कहा ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें ब्लॉक, जिला, संभाग तथा राज्य स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं।

इस मौके पर जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर, पतिराम कोडपी, संस्था के प्राचार्य एमजी काची, निराला एवं सुखमन नाग एवं अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए निगरानी दल गठित

**बीजापुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि 15 नवम्बर से प्रारंभ होने जा रही है। इस दौरान पड़ोसी राज्यों से धान लाकर जिले के खरीदी केन्द्रों में विक्रय किए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी दल गठित किया गया है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार सीमावर्ती जिलों में राज्य की सीमा पर चेकिंग दल तैनात किए जाएंगे, जो धान की अवैध आवक पर निगरानी रखेंगे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में भी धान खरीदी की प्रक्रिया पर सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पामेड़, बासागुड़ा एवं उसूर क्षेत्रों के लिए भूपेन्द्र कुमार अनुविभागीय अधिकारी असूर, अंकित सिंह राजपूत नायब तहसीलदार उसूर, पंकज बरूआ खाद्य निरीक्षक उसूर, हेमंत कुमार कुर्राम सहकारिता निरीक्षक एवं छोटेलाल यादव नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बीजापुर को निगरानी दल में शामिल किया गया है। इसी तरह भोपालपटनम ब्लॉक के अंतर्गत भद्राकाली, वरदली, भोपालपटनम एवं बारेगुड़ा के लिए लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार, अनिल कुमार तारम सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाए बीजापुर, राकेश कुमार खत्री खाद्य निरीक्षक एवंटामेश सिंह नागवंशी जिला विपणन अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने कृषि की अहम भूमिका : निगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कृषि उत्पादन आयुक्त ने संभाग स्तरीय खरीफ समीक्षा सहित रबी तैयारी की समीक्षा कर कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों, दलहन-तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रीत करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मद्देनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने दंतेवाड़ा में संभाग स्तरीय समीक्षा में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों को दिए।

■ **बीज उत्पादन के लिए महिला कृषकों को जोड़ने पर बल**

कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने बस्तर के किसानों की बीज की मांग को स्थानीय स्तर पर पूर्ति करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों सहित महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि इन वर्गों के किसानों को बीज प्रमाणीकरण पंजीयन शुल्क से छूट प्राप्त है। बीज उत्पादन कार्यक्रम से उक्त वर्ग के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पहल करें।

### बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब

कृषि उत्पादन आयुक्त ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्चहन भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं।

### दलहन की खेती को बढ़ावा देने पर बल

रबी सीजन में दलहन की खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि पीएम आशा योजनांतर्गत उड़द, अरहर एवं मसूर का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया जा रहा है। इसे मद्देनजर रखते हुए पीएम आशा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इन दलहन फसलों की खेती एवं भरपूर उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने किसानों को इन दलहनों के साथ ही चना, मूंग का बीज और अन्य आदान सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सरसों एवं सूरजमुखी जैसे तिलहन फसलों के रकबा विस्तार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में योजनाओं के कारगर कार्यान्वयन हेतु फोकस करने कहा। बैठक में कांकेर, बस्तर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर के कलेक्टर ने अपने जिले में कृषि तथा संबंधित विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति से अवगत कराया।






# गिरदावरी रकबा शून्य करने पर सटेली जाड़ेकुर्से व महेंद्रपुर में किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

तहसील दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम जाड़ेकुर्से, महेंद्रपुर तथा सटेली में इस वर्ष की गिरदावरी प्रक्रिया को लेकर किसानों में गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि उनके खेतों में इस समय धान की फसल खड़ी है, परंतु राजस्व अभिलेखों में गिरदावरी रकबा शून्य दर्ज कर दिया गया है, जिससे भविष्य में धान खरीदी, बीमा, मुआवजा और अन्य कृषि लाभ से उन्हें वंचित होने की आशंका है।

स्थानीय किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर खेतों में धान की फसल तैयार की है। खेतों में बोवाई से लेकर सिंचाई, खाद और मजदूरी पर उन्होंने मेहनत एवं धन खर्च किया है, लेकिन राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी के दौरान फसल क्षेत्र को रिक्त या खाली अंकित कर दिया गया। किसानों का कहना है कि यह अन्यायपूर्ण और गंभीर त्रुटि है, जिसे तत्काल सुधारा जाना चाहिए। इस संबंध में किसान सियाराम जैन ने कहा किसान अपनी मेहनत और ऋण के भरोसे खेती करता है। परंतु गिरदावरी में षड्यंत्रपूर्वक रकबा खाली दर्ज कर दिया गया है। यह गलती नहीं बल्कि किसानों के अधिकारों पर सीधा आघात है। हम सभी किसानों के साथ इस मामले में ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग किए हैं। यदि यह केवल त्रुटि है तो तुरंत संशोधन हो और यदि इसमें जानबूझकर गड़बड़ी पाई जाती है तो गिरदावरी की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो।

## धान बिक्री, बीमा योजना के लाभ से किसान होंगे वंचित



### समर्थन मूल्य का लाभ प्रभावित होगा

किसानों ने कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो धान की खरीदी में पंजीयन और समर्थन मूल्य का लाभ प्रभावित होगा, जिससे किसान और अधिक आर्थिक संकट में घिर जाएगा। किसानों के अनुसार गिरदावरी रिकॉर्ड से किसानों की कृषि पहचान, पैदावार, ऋण पात्रता, बीमा और मुआवजा तक सीधे प्रभावित होती है, इसलिए यह मामला अत्यंत गंभीर है।किसानों ने तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपते हुए माँग की है कि संबंधित गाँवों में गिरदावरी की पुनः जाँच कराई जाए। खेतों में वास्तविक धान फसल की स्थिति का राजस्व अमला मौके पर सत्यापन करे। रिकॉर्ड में रकबा सही ढंग से दर्ज किया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे संगठित आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप



### महिला वॉलीबॉल टीम ने स्पर्धा में दिखाया दमखम

**भानुप्रतापपुर।** आगामी सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला वॉलीबॉल टीम का गठन किया गया है। आयोजित प्रतियोगिता शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में 29 से 30 अक्टूबर तक किया गया था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि छात्राएँ खेल भावना एवं अनुशासन के साथ खेलें और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। वहीं क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि मेहनत, एकता और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भी टीम को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की। टीम के गठन से छात्राओं में उत्साह और जोश का वातावरण व्याप्त है। सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर महाविद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कन्या हाईस्कूल का प्राचार्य सदे सिंह ने चार्ज लिया



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर के प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी रहे सदे सिंह कोमरे का सरकार ने स्थांतरण विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल दुर्गुकोंदल में प्राचार्य के पद पर किया। स्थांतरण के उपरांत उन्होने प्राचार्य की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पगुच्छ एवं आत्मीय भाव से उनका अभिनंदन किया। स्वागत के पश्चात प्राचार्य सदेसिह कोमरे ने कहा कि यह उनके लिए सम्मान एवं हर्ष का विषय है कि उन्हें फिर से उसी क्षेत्र में शिक्षा सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है जहाँ वे पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल में कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय छात्राओं के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, शिक्षण वातावरण में सुधार एवं विद्यार्थीहित गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों, सृजनात्मकता और समग्र शिक्षा की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक है। साथ ही विद्यालय को समुदाय और अभिभावकों से भी मजबूत रूप से जोड़ना होगा। कार्यक्रम में मनीषा सिन्हा, संगीता केकती, नीतीश साहू, मीना ढीमर, रामेश्वरी शांडिल्य, शैलेंद्री मरकाम, वैभव तिवारी, नरेंद्र साहू, जागेंद्र डहरे, सावित्री ठाकुर, विनीता बघेल, प्रियंका बागमरिया, खिलेश्वरी उयके, मनीषा धुर्वे, गौतम सहित विद्यालय परिवार एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गोला फेंक कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया

# पखांजूर में बस्तर ओलंपिक 2025 का शुभारंभ, खेल और संस्कृति का संगम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजूर

शासन की अनूठी पहल 30 अक्टूबर से बस्तर ओलंपिक 2025 का विकासखंड कोयलीबेड़ा स्तरीय आयोजन पखांजुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में भव्यता के साथ शुरू हुआ। इस ओलंपिक का मुख्य उद्देश्य बस्तर संभाग के जनजातीय और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं की खेल प्रतिभा को पहचानना और उन्हें खेल की मुख्यधारा से जोड़कर पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करना है। प्रतीकात्मक शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष नारायण साहा और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी उदय नाग ने गोला फेंक कर किया। समारोह में मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी क्षेत्र का नाम रोशन करें विद्यार्थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल नहीं है, बल्कि यह बस्तर की समरसता, बंधुत्व, विश्वास और एकता का प्रतीक/" है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मंच से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे जो पूरे विश्व में बस्तर का नाम ऊंचा करेंगे। कोयलीबेड़ा ब्लॉक की सभी 103 ग्राम पंचायतों और स्कूलों के खिलाड़ी इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। दो वर्ग प्रतियोगिता को जूनियर वर्ग 14 से 17 वर्ष और सीनियर वर्ग कोई आयु बंधन नहीं में बांटा गया है। इस वर्ष नक्सली हिंसा में दिव्यांग हुए खिलाड़ियों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली खिलाड़ियों के लिए संभाग स्तर पर भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। एथलेटिक्स दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तीरंदाजी,बैडमिंटन, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी और व्हालीबाल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामबती मंडावी, मंजू सरदार उपाध्यक्ष, टीआर देवांगन एसडीएम एवं प्रतियोगिता को सफल बनाने में एससी बैध, अशोक कुमार टांडिया, खेल के संयोजक एवं निर्णायक भोला प्रसाद ठाकुर, संतोष जायसवाल, परिमल राय, व्यायाम शिक्षक शंभू साहा, जगत राम ध्रुव सहित ग्राम पंचायत सचिवों और जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने योगदान दिया।

## नरहरपुर मैदान में खिलाड़ियों का जोश चरम पर, स्पर्धा का आज अंतिम दिन



**नरहरपुर।** बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत चल रहे विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन उत्साह और उमंग से भरा रहा। नरहरपुर खेल मैदान में सुबह से ही विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों की उपस्थिति देखने लायक थी। बालक-बालिकाओं ने एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फूटबॉल, बैडमिंटन जैसे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैदान में दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही, और चारों ओर खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए तालियों की गूंज सुनाई देती रही। खिलाड़ियों का जोश और जुनून यह दर्शा रहा था कि बस्तर ओलंपिक ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के लिए एक मजबूत मंच साबित हो रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कबड्डी और फुटबॉल के मैचों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। खेल अधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार बस्तर ओलंपिक में प्रतिभागियों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक है। खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए आयोजकों ने कहा कि आने वाले वर्षों में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप विधायक आशाराम नेताम शामिल होंगे। उनके करकमलों से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, खेल विकास अधिकारी, जनपद पंचायत के प्रतिनिधि, पंच-सरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आज के मुकाबलों का आनंद लिया।

## सुरूंगदोह में नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए जारी निःशुल्क कोचिंग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



संकुल स्तर पर संचालित नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षा का निरीक्षण करने तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे ने संकुल केंद्र सुरूंगदोह का दौरा किया। ख्वांड शिक्षा अधिकारी ने पाया कि कोचिंग कक्षाएँ संकुल केंद्र भवन सुरूंगदोह में संचालित की जा रही थीं, जहाँ संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले कुल छह प्राथमिक विद्यालयों से 27 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने आगंतुक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और उत्कृष्ट शासकीय विद्यालयों विशेषकर नवोदय एवं एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को सप्ताह में दो दिवस, गुरुवार और शुक्रवार को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती है। यह कोचिंग कार्यक्रम 12 सितंबर से प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थियों को उनके अभिभावक सुबह 10 बजे विद्यालय में छोड़ते हैं और शाम 4 बजे लेकर जाते हैं। इस कोचिंग में शिक्षक सोमसिंह नरेटी एवं रविन्द्र कुमार गौर द्वारा प्रोजेक्टर और लैपटॉप की सहायता से आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से अध्यापन कराया जा रहा है। नियमित रूप से टेस्ट आयोजित कर विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है तथा जिन विषयों में कठिनाई होती है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। गत वर्ष भी इसी प्रकार की कोचिंग सफलतापूर्वक संचालित की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप इस संकुल से 5 विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में तथा पूरे विकासखंड से 21 विद्यार्थी नवोदय विद्यालय एवं 84 विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय में चयनित हुए थे। अवलोकन के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अंदरूनी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को मनोयोगपूर्वक अध्ययन करने, कक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों के परिश्रम एवं समर्पण की प्रशंसा की और कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसे उनके संज्ञान में अवश्य लाया जाए ताकि समाधान किया जा सके।

## सरपंच निर्मला ने निभाया अपना वादा बच्चों को दीं नवोदय परीक्षा की किताबें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव की सरपंच निर्मला शोरी ने अपने चुनावी वादे को निभाते हुए एक मिसाल कायम की है। जब उन्होंने सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ा था, तब उन्होंने ग्राम सिहारीनाला के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों से वादा किया था कि यदि वह चुनाव जीतती हैं तो नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अपने निजी खर्च से पुस्तकें उपलब्ध कराएँगी।

अब चुनाव जीतने के महज सात महीने के भीतर निर्मला शोरी ने अपना वादा पूरा कर दिखाया। उन्होंने ग्राम सिहारीनाला के पांचवीं कक्षा के बच्चों को नवोदय परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकें वितरित कीं। यह कदम न केवल बच्चों के लिए बल्कि पूरे गांव के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच संतोष मंडावी ने निर्मला शोरी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा हमारी सरपंच ने शिक्षा के क्षेत्र में जो पहल की है, वह हमारे गांव के बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाएगी। इन किताबों से बच्चों को नवोदय की तैयारी में निश्चित रूप से बहुत सहायता मिलेगी। आने वाले समय में यदि गांव के बच्चे नवोदय परीक्षा में चयनित होते हैं, तो ग्राम पंचायत की ओर से विशेष पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पंच संगीता नेताम, गीता शोरी ने भी सरपंच के इस कदम की सराहना की और कहा कि यह हमारे गांव के लिए गौरव की बात है कि हमारी सरपंच शिक्षा को लेकर इतनी सजग हैं। बच्चों के सपनों को साकार करने की दिशा में यह पहल सराहनीय है। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में प्रधान पाठक संजय कुंजाम, संतराम नेताम, महेश कोडोपी,सदवाराम साल, अनिल नेताम सहित कई ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## चंडीगढ़ एवं देहरादून भ्रमण के लिए जिले से 40 आदिवासी बच्चे रवाना

**कांकेर।** आदिवासी समाज के बच्चों को देश की विविध संस्कृति और जीवनशैली से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए 30 अक्टूबर को कांकेर से 40 आदिवासी बच्चों का दल 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान चंडीगढ़ एवं देहरादून भ्रमण कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को देश के अन्य हिस्सों की संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों से अवगत कराना है, ताकि उनमें आपसी एकता, सहयोग और राष्ट्रीय एकात्मता की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। इस यात्रा से बच्चों को न केवल नई जगहों का अनुभव मिलेगा, बल्कि वे विभिन्न संस्कृतियों के आदान-प्रदान के माध्यम से अपने दृष्टिकोण को भी विस्तृत कर सकेंगे। कांकेर जिले से इस भ्रमण के लिए चयन सीमा सुरक्षा बल द्वारा किया गया है। रवाना होने से पूर्व प्रतिभागियों के लिए एक ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों, अनुशासन और यात्रा के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि भ्रमण के दौरान प्रतिभागी विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संवाद कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, जिससे उन्हें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा। ब्रीफिंग में बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया गया कि यह यात्रा सिर्फ एक भ्रमण नहीं, बल्कि सीखने, समझने और एकता के भाव को आत्मसात करने का माध्यम है। इस अवसर का उपयोग करें, ताकि लौटकर आप अपने समुदाय और जिले के विकास में प्रेरणा बन सकें। यात्रा के दौरान बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। बीएसएफ के अधिकारी और जवान पूरे दल के साथ रहेंगे ताकि यात्रा सुचारु और सुरक्षित रहे।

यह पहल आदिवासी युवाओं के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कांकेर जिले के लिए यह गौरव की बात है कि उसके युवा देश के विभिन्न कोनों में जाकर अपनी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करेंगे और नए अनुभवों के साथ लौटकर समाज में नई ऊर्जा का संचार करेंगे।

## रोजगार व मूल सुविधाओं की मांग पर ग्रामीणों ने 12वें दिन भी किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



■ प्रशासन की निष्क्रियता पर हड़तालियों ने जताया आक्रोश

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम झिटकाटोला में स्थानीय ग्रामीणों का 12वें दिन भी कलवर माइंस प्रबंधन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षो से माइंस संचालन के दौरान क्षेत्र के जल, जंगल और प्राकृतिक संसाधनों का भारी उपयोग किया गया, लेकिन गाँव के विकास, आधारभूत सुविधाओं और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रबंधन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि माइंस से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से होने वाले परिवहन, विस्फोट, धूल और शोर का असर सबसे अधिक स्थानीय पर्यावरण और ग्रामीणों के स्वास्थ्य व जीवनयापन पर हो रहा है। इसके बावजूद न तो माइंस प्रबंधन और न ही प्रशासन ने सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण या अन्य आवश्यक संसाधनों के विकास में सहयोग किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गाँव को मिलने वाले लाभों की लगातार अनदेखी की गई। वहीं स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की बात वर्षों से केवल कागज़ों और वादों में ही सीमित रह गई। धरना स्थल पर ग्रामीणों ने कहा कि हम अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं, किसी से भीख नहीं। जब हमारी भूमि, हमारे जंगल और हमारी मेहनत का इस्तेमाल किया गया है, तो गाँव के विकास और रोजगार की जिम्मेदारी भी माइंस प्रबंधन की बनती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पिछले 12 दिनों के आंदोलन में न तो बीएसपी प्रबंधन, न कंपनी प्रतिनिधि, और न प्रशासनिक अधिकारी किसी प्रकार की बातचीत या समाधान लेकर आगे आए। इस कारण आक्रोश बढ़ता जा रहा है। धरना में लच्छूराम ध्रुव, रूपसिंह जैन, सनेसिंग उसेंडी, शिवलाल सलाम, शत्रुघन दुग्गा, शकुंतला ताराम, कुमेश नेताम, बरातू भोयार, कमलेश जैन, फुलकुंवर टांडिया, नवल ताराम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और माइंस प्रबंधन तत्काल खुली बैठक आयोजित कर रोजगार और विकास कार्यों पर लिखित समझौता नहीं करता है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## आदिवासी परंपराओं पर आधारित फिल्म दण्डाकोटुम की शूटिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति, पेन-पुरखा परंपरा और जल, जंगल और जमीन के जीवंत संबंध को चित्रित करने वाली ऐतिहासिक फिल्म दण्डाकोटुम की शूटिंग 25 अक्टूबर से बस्तर के दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में प्रारंभ हुई। यह फिल्म जोहार फिल्म्स प्रोडक्शन एवं कोया फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त बैनर तले बनाई जा रही है। फिल्म की कथा आदिवासी समाज के उस मूल दर्शन को सामने लाती है, जिसमें मानव और प्रकृति का संबंध पूजा, भरोसा और सह-अस्तित्व पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि आदिवासी समाज के पेन-पुरखा और बुढ़ादेव किस रूप में प्रकृति के तत्वों में विद्यमान माने जाते हैं, तथा जंगल केवल आजीविका का साधन नहीं बल्कि आस्था, पहचान और सांस्कृतिक धरोहर है। फिल्म के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के कलाकारों के साथ पद्मश्री से सम्मानित पंडीराम मंडावी एवं आदिवासी इतिहास व संस्कृति के सुप्रसिद्ध जानकार दादा शेर सिंह आचला उपस्थित रहे। स्थानीय ग्रामीणों ने भी पारंपरिक नृत्य और वाद्य ध्वनियों के साथ टीम का स्वागत किया। शूटिंग शुरू होने के पश्चात फिल्म टीम दमकसा जिला कांकेर स्थित दादा शेर सिंह आचला के आश्रम जंगो रायतार विद्या केतुल शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान पहुँची।

यह संस्थान 1992 से संचालित है और यहाँ संग्रहालय, ग्रंथालय, शोध कक्ष, पारंपरिक कला संग्रह, आवासीय व्यवस्था और धरोहर संरक्षण की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यहाँ गोंडी संस्कृति, शिल्प, ऐतिहासिक धरोहरों और प्राचीन सभ्यता से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज़ एवं सामग्री संरक्षित है। उन्होने बताया कि उन्होंने अबूझमाड़ के वन, जीवन और पेन-परंपरा पर विस्तृत अध्ययन किया है, और इसी विषय पर कहानी भी लिखी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




